<u>SUMMER CAMP 2025</u>

St. Montfort School, Bhopal organised Sports Summer Camp for the students of Classes 3 to 12 in its school campus for Basketball, Football , Cricket, Karate, Yoga & Aerobics from 10th March 2025 to 10th April 2025 during the morning hours. Students enhanced their sporting skills under the able guidance of Mr. Kailash Katarwara, Mr. Anujay Kujur, Ms. Mamta Sharma, Mrs. Kiran Kogey. Around 100 students other than sports also learnt and enjoyed aerobics & Zumba for their overall development under the able guidance of Ms. Anamica & Ms. Riya Thomas.

Summer Camp was concluded on 10th April 2025 in the presence of the Chief guest, the Principal of the school, Rev. Bro. Monachan K.K., parents of the participants and students and coaches of the camp. This camp highlighted the spirit of resilience, sportsman spirit and holistic development to lead a happy life nourished with health.

By Mr. Krishna Kapil

<u>ग्रीष्मकालीन खेल -कूद शिविर - 2025</u>

"स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है"।

स्पष्ट है कि शिक्षा में तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का महत्वपूर्ण योगदान होता है । खेलों के द्वारा छात्रों का शारीरिक, मानसिक ,नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है ।इस प्रकार शिक्षा और खेलकूद में समन्वय रखते हुए सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में दिनांक 10 / 03 /2025 से 10 / 0 4 / 2025 तक ग्रीष्मकालीन खेल-कूद शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा तीसरी से 12वीं तक के छात्रों ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया । शिविर में विभिन्न खेल सिखाए वा खिलाए गए जैसे :- बास्केटबॉल ,क्रिकेट, फुटबॉल, कराटे, एरोबिक्स ,जुंबा और योगा आदि ।उपर्युक्त खेलों का प्राथमिक ज्ञान दिया गया ।प्राथमिक आधार पर खेलों में दो-दो टीमें बनाई गईं और उनके अंतर्गत मैच खिलाए गए । जिसमें छात्रों ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया । छात्रों के उत्साह वर्धन हेतु विद्यालय के प्राचार्य आदरणीय ब्रदर मोनाचन के के द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें छात्रों को प्रशस्ति पत्रऔर प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए ।प्राचार्य जी ने .अपने भाषण में छात्रों को खेल मार्ग में आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया । इस शिविर को प्रारंभ से अंत तक सफल बनाने में खेल-कूद विभाग के सदस्य श्री कैलाश सर , मिस ममता मैम, अनुजय सर ,और श्रीमती किरण कोगे मैम ने अथक प्रयास कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।छात्रों को जुंबा नृत्य को सिखाने में विद्यालय की नृत्य शिक्षिका मिस अनामिका विश्वकर्मा एवं रिया थॉमस मैंम ने अपना पूर्ण सहयोग दिया ।अंत में खेल-कूद विभाग ने प्राचार्य जी का आभार व्यक्त किया क्योंकि प्राचार्य जी के सहयोग से ही यह शिविर सफल रूप से संचालित हो पाया ।

अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया ।

रेखा श्रीवास्तव